सार-समाचार

राज्यपाल बागडे से उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की शिष्टाचार भेंट

जयपुर (कासं)। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से सोमवार को नई दिल्ली में उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मुलाकात की। इस दौरान दोनों ने विभिन्न विषयों पर चर्चा की। राज्यपाल से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

सेवा कार्य में समर्पित होगा सद्गुरु स्वामी हरिदास राम जी महाराज का जन्मोत्सव

जयपुर (कासं)। आस्था भक्ति के विशाल पावन केंद्र अमरापुर स्थान जयपुर में प्रेम प्रकाश मंडल के चतुर्थ पीठाधीश्वर मर्यादामूर्ति सद्गुरु स्वामी हरिदास राम जी महाराज का पंच दिवसीय जन्मोत्सव 27 अप्रैल सोमवार (एकादशी) से 1 मई शुक्रवार पूर्णिमा तक श्रद्धा भाव से मनाया जाएगा। पंच दिवसीय उत्सव के उपलक्ष में सोमवार 27 अप्रैल को प्रात: 7 से 9 बजे तक नित्य नियम प्रार्थना, संत महात्माओं का भजन सत्संग तत्पश्चात मदभागवत गीता, प्रेम प्रकाश ग्रंथ साहिब के पाठों का शुभारंभ होगा। पंच दिवसीय उत्सव के उपलक्ष में प्रतिदिन प्रात: 7 से 9 प्रार्थना, सतगुरु स्वामी हरिदास राम जी महाराज की प्रवचन कैसेट का वाचन ,आरती ,साय काल 5 से 7 बजे तक भजन, स्वामी हरिदास राम जी महाराज की महिमा का गुणगान, आरती आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

1 मई शुक्रवार पूर्णिमा जन्मोत्सव के पावन उपलक्ष्य में प्रात: 7 बजे से11 बजे तक नित्य नियम प्रार्थना, संत महात्माओं का सत्संग प्रवचन , मद भागवत गीता,प्रेम प्रकाश ग्रंथ साहिब के पाठों का भोग परायण, दीप प्रज्वलन, आरती,बधाई गीत तत्पश्चात विशाल आम भंडारे का आयोजन किया जाएगा। पूज्य स्वामी मोहन प्रकाश जी महाराज ने बताया कि पंच दिवसीय जन्मोत्सव के अंतर्गत सेवा कार्यों में गोशाला में गाय माता को हरा चरा,फल ,ह्रद्यह्रा हॉस्पिटल के बाहरी क्षेत्र में राहगीरों को पुलाव के साथ फल एवं मिष्ठान एवं अमरपुरा स्थान के बाहर निरंतर चल रहे अन्न भोजन प्रसादम में राहगीरों को छाछ,फल , शर्बत ,लस्सी एवं मिष्ठान वितरित किए जाएंगे।

सेवानिवृत्ति से पूर्व किया सभाध्यक्ष सुभाष यादव का सम्मान

जयपुर (कासं)। राजस्थान आवासन बोर्ड कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री रमेश चन्द शर्मा ने बताया कि कर्मचारी संघ के सभाध्यक्ष सुभाष यादव दिनांक 30.04.2026 को अधिवार्षिक आयु प्राप्त कर सेवानिवृत्ति से पूर्व आज दिनांक 27.04.2026 को प्रदेशाध्यक्ष मोहन सिंह के नेतृत्व में सुभाष यादव को मण्डल एवं संघ में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु शॉल, साफा एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामनायें दी गई। सम्मान सम्मारोह में राजस्थान आवासन बोर्ड कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष मोहन सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष दारा सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोविन्द नाटाणी उपाध्यक्ष रोहित सिंह, महासचिव रमेश चन्द शर्मा, संयुक्त महासचिव मो. युसुफ खान एवं मनुज ठाकुर, खेल सचिव मधुर मलिक कार्यालय सचिव आनन्द सिंह विजय सिंह महिला सचिव नेहा फोजदार कोषाध्यक्ष महेश शर्मा प्रचार मंत्री जिनेश शर्मा सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

आँखों की जाँच हेतु आयोजित किया गया नि:शुल्क शिविर

जयपुर (कासं)। नगर निगम जयपुर द्वारा मुख्यालय पर सोमवार को एक दिवसीय नि:शुल्क आँखों की जाँच हेतु शिविर आयोजित किया गया नगर निगर जयपुर में कार्यरत सभी सफाई कर्मचारी एवं अन्य कार्यरत कर्मचारीयों की आँखों की जाँच की गई एवं उचित परामर्श प्रदान किया गया एवं दवाई उपलब्ध करवाई गई।

नगर निगम जयपुर सतर्कता शाखा की टीम द्वारा की गई कार्रवाई

45 हजार रुपये का किया कैरिंग चार्ज वसूल, 12 केन्टर सामान जब्त

जयपुर (कासं)। नगर निगम जयपुर आयुक्त ओम कसेरा के निर्देषानुसार एवं पूर्व से प्राप्त शिकायतों पर उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में सोमवार को सतर्कता शाखा की द्वारा नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में सेक्टर-8 प्रताप नगर, गोवर्धन नगर बम्बाला पुलिया, विधानी चैराहा, द्वारकापुरी राना सांगा मार्ग, सेक्टर-3 प्रताप नगर, दुर्गापुरा पुलिया के नीचे गौशाला, विद्याधर नगर, मुरलीपुरा नांगल पुलिया के पास, वैद्यजी का चैराहा निवारू रोड़ एवं भौमियाजी मन्दिर के पास कालवाड़ रोड़, स्टेच्यू सर्किल, वानिकी पथ (विधिक सेवा मार्ग), सहदेव मार्ग सचिवालय, सी-स्कीम अषोक नगर हाथी बाबू कान्ति नगर, सिंधी कैंप मेट्रो स्टेषन गेट नं. 1, संजय सर्किल, चांदपोल बाजार भिण्डो का रास्ता चांदपोल बाजार, आनंदपुरी बीस दुकान आदर्ष नगर, शास्त्री मार्केट गुरूनानकपुरा आदर्ष नगर, सिंधी कॉलोनी सरकारी मनोचिकित्सा केन्द्र, पिंक स्कायर मॉल, गोविन्द मार्ग, घाटगेट, सांगानेरी गेट, जौहरी बाजार आदि स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध 45 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल कर 12 केन्टर सामान जब्त किया गया।

अब ग्रामीणों को घर के पास मिलेगा बेहतर इलाज

330 लाख रुपए से बनेंगे छह एचएससी के नए भवन

जयपुर (कासं)। राजस्थान के ग्रामीण अंचल में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ और सुलभ बनाने के उद्देश्य से, राज्य सरकार ने नए उप स्वास्थ्य केंद्रों के भवनों के निर्माण के लिए 8030 लाख रुपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। इस राशि से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत राज्य में 146 स्वास्थ्य उप केंद्रों के नए भवनों का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अनुशंसा पर जारी इस राशि से सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र के गांव मादड़ी, एंदलावास, कानेलाव, खेतावास, बडेरवास व खरोकड़ा में नए स्वास्थ्य उप केंद्रों के नए भवनों का निर्माण किया जाएगा। स्थानीय विधायक व पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र के इन छह गांवों के एसएचसी (स्वास्थ्य उप केंद्र) के नए भवनों के लिए वित्तीय स्वीकृति मिलने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व चिकित्सा मंत्री गजेंद्रसिंह खींवसर का आभार व्यक्त किया है। प्रत्येक एसएचसी के लिए 55 लाख रुपए की राशि मंजूर हुई है। कुमावत ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग ने ग्रामीण क्षेत्रों में सुविधाओं की कमी को देखते हुए, नए उप स्वास्थ्य केंद्र स्थापित करने और मौजूदा जर्जर भवनों को बदलकर नए आधुनिक भवन बनाने के लिए धनराशि जारी की है। इस परियोजना के तहत, चिन्हित किए गए स्थानों पर आधुनिक सुविधाओं से लैस भवन बनेंगे, जहां प्रसव कक्ष, टीकाकरण और सामान्य ओपीडी की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उप स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सा कर्मियों को कार्य करने के लिए बेहतर माहौल मिलेगा, जिससे वे सेवाएं अधिक समर्पण के साथ दे सकेंगे। इन केंद्रों के 'हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर' (HWC) में अपग्रेड होने से गंभीर बीमारियों की शुरुआती चरण में पहचान और जांच आसान हो जाएगी। इन केंद्रों पर एएनएम (ANM) और स्टाफ नर्स की उपस्थिति में 12 तरह की स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। वहीं, विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीणों ने इस निर्णय का स्वागत किया है। लंबे समय से मांग की जा रही थी कि छोटे-मोटे उपचार के लिए 20-30 किलोमीटर दूर न जाना पड़े। इस स्वीकृति से न केवल चिकित्सा सेवाएं मजबूत होंगी, बल्कि दूर-दराज के गांवों में स्वास्थ्य का स्तर भी बेहतर होगा।

पेयजल समस्याओं के समाधान के लिए गांवों में पहुंचेंगे अधिकारी- विधानसभा क्षेत्र के गांवों में भीषण गर्मी में पेयजल संकट से निपटने के लिए पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग के पाली खंड के अधिकारियों को निर्देशित किया है। कुमावत ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे गांवों का दौरा कर ग्रामीणों की पेयजल संबंधी समस्याओं का त्वरित समाधान करें। मंत्री कुमावत ने सहायक अभियंता डूंगाराम नोगिया व हेमंत पालीवाल तथा कनिष्ठ अभियंता दीपक बघेल, करूणा कुमारी, भगीरथराम, प्रतिभा शर्मा को सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायतों का दौरा कर वहां के प्रशासक, ग्राम विकास अधिकारी व ग्रामीणों से पेयजल के संबंध में चर्चा कर समस्या का समाधान करने का आदेश दिया है। 28 अप्रेल को सांपा, भांगेसर, 29 को गुंदोज, डिंगाई, 30 अप्रेल को हेमावास, सोनाईमांझी, एक मई को बोमादड़ा, लाम्बिया, दो को गुरडाई, दयालपुरा, तीन को गिरादड़ा, रूपावास, चार मई को खैरवा, बडेर का बास, पांच को सोडावास, खौड, छह को टेवाली, बूसी, सात मई को बाणियावास, आठ मई को कीरवा, गुडा एंदला तथा 9 मई को डरी ग्राम पंचायत मुख्यालय पर जलदाय विभाग के एईएन व जेईएन ग्रामीणों के साथ पेयजल संबंधी समस्याओं की जानकारी लेकर उनका समाधान करेंगे। कुमावत ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि गर्मी के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की कमी न हो। इसके अतिरिक्त जहां पर जो भी समस्याएं आ रही है उनका विश्लेषण कर उन समस्याओं का समाधान करवाना है। तात्कालिक समस्याओं का समाधान यथासंभव करवाना है ताकि ग्रीष्म काल में परेशान न होना पड़े।

मुख्य सचिव ने वीबी-जी राम जी योजना को लागू करने के लिए की समीक्षा बैठक

जयपुर (कासं)। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में सचिवालय में सोमवार को महात्मा गांधी नरेगा योजना व वीबी-जी राम जी योजना के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक के दौरान मुख्य सचिव द्वारा मनरेगा योजना की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा करते हुए सामग्री एवं प्रशासनिक मद में केन्द्र सरकार से प्राप्त भुगतान एवं राज्य सरकार द्वारा किए गये भुगतान के बारे में जानकारी ली गयी। मनरेगा में मानव दिवस सृजन, युक्तधारा पोर्टल, राजस्थान सम्पर्क, सीपीग्राम पोर्टल, मुख्यमंत्री जनसुनवाई कार्यक्रम, मुख्य सचिव के कार्यालय के प्रकरणों, बजट घोषणाओं, अपूर्ण कार्यों को पूर्व करने आदि की समीक्षा की गयी। शासन सचिव ग्रामीण विकास विभाग कृष्ण कुणाल, द्वारा मनरेगा में हरियालो राजस्थान एवं अमृत सरोवर, खेल संकुल व अमृत पोषण वाटिका के तहत बांसवाडा, जोधपुर, भीलवाड़ा में किये गये श्रेष्ठ कार्यों के बारे में अवगत कराया गया।

मुख्य सचिव द्वारा ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव के साथ बैठक में दिये गये निर्देशों की अनुपालना में 4 लाख अपूर्ण कार्यों को पूर्ण करने के लक्ष्य की अनुपालना में 4 लाख 19 हजार कार्य पूर्ण किए जाने, सामग्री, श्रम एवं प्रशासनिक मद में भारत सरकार द्वारा उपलब्ध राशि का समय पर उपयोग करने, भारत सरकार की तरफ बकाया सामग्री मद की राशि के मिलान करने, मनरेगा के माध्यम से किये जा रहे वृक्षारोपण कार्य, हरियालो राजस्थान ऐप एवं मनरेगा में एनएमएमएस के माध्यम से श्रम नियोजन में फर्जी श्रम नियोजन पर किये गये नियंत्रण आदि कार्यों के लिए मुख्य सचिव ने नरेगा टीम की सहराना की गयी। मुख्य सचिव ने निर्देश दिये कि वीबी-जी राम जी योजना लागू होने से पूर्व सम्पूर्ण अधुरे कार्यो को पूर्ण करना सुनिश्चित करें, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के समस्त कार्यों की मस्टरोल जारी कर 90 मानव दिवस उपलब्ध करवाये। वीबी जी राम जी योजना के लिए सेल्फ ऑफ प्रोजेक्ट (विकसीत ग्राम पंचायत विकास योजना) में प्रर्याप्त कार्यों का चयन करे। ग्रीन अरावली परियोजना के तहत आगामी मानसून सत्र में प्रर्याप्त मात्रा में वृक्षारोपण करने हेतु अभी से कार्य योजना बनायें। वहीं मनरेगा के तहत ग्रामीण विकास मंत्रालय दिल्ली से बकाया भुगतान प्राप्त करने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश प्रदान किए।

समीक्षा बैठक में आयुक्त मनरेगा पुष्पा सत्यानी, अति. आयुक्त प्रथम जुगल किशोर मीणा, अति. आयुक्त द्वितीय प्रतिष्ठा पिलानियां, परियोजना निदेशक रतन लाल अटल, अधीक्षण अभियंता आई.पी. अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

कम लागत, पारदर्शी आवंटन प्रक्रिया से निवेशकों का बढ़ा भरोसा

रीको की प्रत्यक्ष आवंटन योजना का दसवां चरण 1 मई से

जयपुर (कासं)। राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इनवेस्टमेंट समिट में निवेशकों के साथ एमओयू निष्पादित होने के पश्चात् माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने निवेशकों को यह विश्वास दिलाया कि ये सभी समझौते जमीनी स्तर पर वास्तविक निवेश में परिवर्तित होंगे। इस दिशा में राज्य सरकार द्वारा नई नीतियां लागू की जा रही हैं तथा पुरानी नीतियों का सरलीकरण भी किया जा रहा है। निवेश को धरातल पर लाने के लिये रीको द्वारा मार्च-2025 में प्रत्यक्ष आवंटन योजना लागू की गई जिससे निवेशकों को उद्योग स्थापित करने हेतु कम लागत पर औद्योगिक भूखण्ड उपलब्ध कराये जा सकें। इस योजना के अंतर्गत अब तक 1662 भूखण्डों के लिए आवंटन/ऑफर लेटर जारी किए जा चुके हैं। रीको द्वारा प्रत्यक्ष आवंटन योजना का दसवां चरण 1 मई 2026 से प्रारंभ होगा। निवेशक 14 मई 2026 तक ईएमडी जमा कर आवेदन कर सकेंगे। योजना के दसवें चरण में निवेशकों को 103 औद्योगिक क्षेत्रों के 5500 से अधिक औद्योगिक एवं लॉजिस्टिक भूखण्ड उपलब्ध कराए जाएंगे।

इसमें मुख्य रूप से बड़गांव (आबूरोड), रूंध सोंखरी (अलवर), आईटी पार्क, माकड़वाली (अजमेर), बोरावास कलावा प्रथम चरण, स्पेशल पार्क (बालोतरा), फतेहपुरा-समेलिया (भीलवाड़ा), पाथरेडी व सलारपुर (भिवाड़ी), सेरेमिक पार्क, गजनेर (बीकानेर), मंडा द्वितीय चरण, माथासुला, थौलाई, तुंगा (जयपुर), स्टोन पार्क, वाटर रिसाइकलिंग पार्क गुंडी फतेहपुर (कोटा), गणेश्वर (सीकर) और कछोलिया, बूंदी (कोटा) इत्यादि औद्योगिक क्षेत्रों सम्मिलित हैं। निवेशकों की बढ़ती रुचि को देखते हुए रीको ने योजना की वैधता 31 दिसंबर 2026 तक बढ़ा दी है।

प्रस्तावित दसवें चरण की ई-लॉटरी का आयोजन 19 मई 2026 को किया जाएगा। जिन भूखण्डों के लिए केवल एक आवेदन प्राप्त होगा, उन्हें सीधे आवंटन होगा जबकि एक से अधिक आवेदन होने पर ई- लॉटरी के माध्यम से आवंटन किया जाएगा। प्रत्यक्ष आवंटन योजना-2025 के नौवें चरण में 213 भूखण्डों के लिए 327 आवेदन प्राप्त हुए थे। अब तक के नौ चरणों में 1662 भूखण्ड आवंटित/ऑफर लेटर जारी किये जा चुके हैं जिनका क्षेत्रफल लगभग 437 हेक्टेयर तथा इन भूखण्डों का मूल्य 2500 करोड़ रुपये से अधिक है। इन पर स्थापित होने वाली औद्योगिक इकाइयों से राज्य में लगभग 18,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश की संभावना है। उद्यमियों की सहुलियत के लिये प्रत्यक्ष आवंटन योजना में प्रमुख बदलाव किया गया है। पूर्व में उद्यमी को योजना में भाग लेने के लिये चरण प्रारंभ होने से पंद्रह दिन पूर्व राज्य सरकार के साथ एमओयू निष्पादित करना होता था परंतु अब चरण प्रारंभ होने के पश्चात् भी निवेशक ईएमडी जमा कराने की अंतिम तिथि तक एमओयू करके योजना में भाग ले सकते हैं।

प्रथम पेंशन अदालत का आयोजन

जयपुर (कासं)। वित्त (पेंशन) विभाग के आदेश की पालना में सोमवार को प्रथम पेंशन अदालत अतिरिक्त निदेशक पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण विभाग क्षेत्रीय कार्यालय (संयोजक) स्तर पर आयोजित की गई जिसमें शिक्षा विभाग से संबंधित पेंशन प्रकरणों पर चर्चा कर प्रकरणों के निस्तारण संबंधी कार्रवाई की गई।

पेंशन अदालत में पेंशन विभाग, शिक्षा विभाग, कोषाधिकारी एवं पेंशनर प्रतिनिधि उपस्थित हुए। पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण निदेशालय के निदेशक श्री महेंद्र सिंह भूकर ने बताया कि पेंशन अदालत में शिक्षा विभाग से संबंधित कुल 165 परिवेदनाए प्राप्त हुई उनमें से 96 प्रकरणों का निस्तारण किया गया है। एवं 30 परिवेदनाएं भुगतान से संबंधित होने के कारण वित्त विभाग को शीघ्र भुगतान हेतु सूची उपलब्ध करवाते हुए भुगतान की कार्रवाई की जाने का अनुरोध किया गया है।

जयपुर शहर में बन रहा जयपुर जंक्शन स्टेशन के जैसा एक और स्टेशन

ट्रेनों की हेंडलिंग क्षमता में विस्तार के लिए तैयार हो रहा खातीपुरा रेलवे स्टेशन

जयपुर (कासं)। जयपुर में उपनगरीय स्टेशन खातीपुरा स्टेशन को पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर मेगा टर्मिनल स्टेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है। आधुनिक यात्री सुविधाओं के साथ-साथ ट्रेनों के रखरखाव की सुविधाएं भी यहां उपलब्ध होंगी जिसमे सभी आधुनिक उपकरण लगाये जायेंगे।

ट्रेनों के परिचालन के पश्चात् खडा रखने के लिए अतिरिक्त स्टेबलिंग लाईने बनाई गई हैं। खातीपुरा को सैटेलाइट टर्मिनल के रूप में विकसित करने से नए मार्गों, विशेष रूप से दिल्ली कॉरिडोर और अन्य लंबी दूरी के गंतव्यों की ओर, शुरू करने की संभावना में भी सुधार होगा। यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने के साथ-साथ खातीपुरा टर्मिनल भविष्य में विभिन्न दूर-दराज मार्गों की ट्रेनों के लिए एक महत्वपूर्ण मेंटेनेंस हब का रूप ले सकता है। सभी प्रकार के रेक जैसे वंदे भारत, एलएचबी, डेमू के एक ही जगह मेंटेनेंस के लिए कोच केयर कॉम्पेलक्स के निर्माण का कार्य किया जा रहा है। कोच केयर कॉम्पलेक्स का कार्य 205 करोड़ रुपए की लागत के साथ प्रगति पर है। खातीपुरा स्टेशन पर नई लाइने, वॉशिंग पिट, ऑटोमैटिक कोच वॉशिंग प्लांट, स्टेबलिंग लाइन और तकनीकी संसाधनों का विकास किया जा रहा है, ताकि आने वाले समय में यह स्टेशन मेगा टर्मिनल स्टेशन के साथ ट्रेन रखरखाव का मजबूत केंद्र बने। खातीपुरा स्टेशन पर अभी 06 हाई लेवल प्लेटफॉर्म के साथ 08 लाईने उपलब्ध हैं । प्लेटफॉर्म हाई लेवल होने के कारण सभी यात्रियों विशेषकर महिलाओं, नि:शक्तजनों और बुजुर्गों को ट्रेनों में चढने और उतरने में सुविधा होगी। साथ ही प्लेटफॉर्म के साथ 08 लाईने उपलब्ध होने के कारण ट्रेनों की आवाजाही के लिए क्रॉसिंग की बाधा नहीं होगी।

उत्तर पश्चिम रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना

मण्डल रेल प्रबन्धक (बिजली) जयपुर द्वारा, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। क्र.सं.1 एनआईटी संख्याः ईल/जेपी/01/2026-27; कार्य का नामः JP Division-Electrical work in connection with [1] Const. of multi-store 100 bed barrack with all facilities including road at. RPF line barrack No-2 at Jaipur. [2] New Construction RPF out post Sikar and BNLW 10-10 Bed barrack with centralizes cooling system and furniture, [3] Construction of RPF barrack (10 beds) and post along with furniture at Lalsot. [4] Provision of Interlocking of 02 Nos. of manned LC gates i.e. LC-240 & 294 in SIKR-LHU section over Jaipur Division. अनुमानित लागतः 8856757.5/-; बयाना राशिः 17710.00; निविदा खोलने की तिथिः 18.05.2026; नोटः ई-निविदा की अंतिम तिथि एवं समयः निविदा खोलने की तिथि को 15:00 बजे तक; ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समयः निविदा खोलने की तिथि को 15:00 बजे के बाद। सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट का पताः http://www.ireps.gov.in 615-AN/26

हमें फॉलो करें /NWRailways पर फॉलो करें

उत्तर पश्चिम रेलवे

खुली ई-निविदा

नं० इलएनटी-जेपी-08-2026-27, दिनांक-24.04.2026 मंडल रेल प्रबंधक/सं०एवंदू०सं०, उ०प०रे० जयपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा का ऑनलाईन ई-टेण्डर आमंत्रित किया जाता है। 1. कार्य का नाम व लोकेशनः जयपुर डिवीजन के बांदीकुई स्टेशन पर सैटेलाइट ट्रैक मशीन डिपो के उन्नयन/विस्तार के संबंध में सिग्नलिंग कार्य। 2. अनुमानित लागतः रू. 89,27,731.99/-, 3. धरोहर राशि रूपयेः रूपये 1,78,600/-, 4. वेबसाईट पर टेण्डर भरने की अंतिम तिथि और समयः 18.05.2026 समय 15.00 बजे तक; 5. वेबसाईट का विवरण और नोटिस बोर्ड की लोकेशनः www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। नोटिस बोर्ड लोकेशन मं०ए०प्र० कार्यालय, पावर हाउस रोड़ जयपुर। 614-AN/26

हमें फॉलो करें /NWRailways पर फॉलो करें

कार्यालय नगर निगम जयपुर

(सोफिया स्कूल के सामने, घाटगेट जयपुर)

क्रमांक :- जसअ/2026/48 दिनांक: 23.04.2026

ई-निविदा सूचना संख्या -21/2026-27 किशनपोल जोन

फंण्ड एवं राज्य सरकार के सभी विभागों में पंजीकृत "AA" "A" श्रेणी के ठेकेदारों एवं नगर निगम जयपुर में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से अधिशाषी अभियन्ता (किशनपोल जोन) से सम्बन्धित विकास कार्यों हेतु ई- निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्यो की अनुमानित लागत, टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख, टेण्डर शर्त आदि सम्पूर्ण विवरण नगर निगम जयपुर की वेबसाईट www.jaipurmcheritage.org.com व राजस्थान सरकार के पोर्टल http://sppp.raj.nic.in तथा www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड की जाकर पोर्टल www.eproc.rajasthan.gov.in पर अपलोड की जा सकती है।

स्टेट पब्लिक प्रोक्योरमेन्ट पार्टल का Unique Bid Number JMC2627WSOB00076 है।

अधिशाषी अभियन्ता (किशनपोल जोन) नगर निगम जयपुर

राज.संवाद/सी/26/1566

ICICI Bank शाखा कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, बैंकवर्स पार्क, भायंदर- 392027

कॉर्पोरेट कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई- 400051 शाखा कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, ग्राउंड टावर, प्लॉट संख्या 23, भू दीनदयाल रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

मृत उधारकर्ता के कानूनी वारिसों के प्रकटीकरण के लिए सूचना

सार्वजनिक सूचना

इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि होम लोन LBJA.00005792999 LBJA.00005707992 (क्रेडिट सुविधा) तुलसी अग्रवाल और सुलेखा अग्रवाल के साथ-साथ मृतक सुरेश कुमार अग्रवाल (मृतक) को उनके कानूनी उत्तराधिकारी के माध्यम से आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (बैंक) द्वारा प्रदान किया गया था।

हम आपको सूचित करना चाहते हैं कि बैंक अधिकारियों द्वारा किए गए फील्ड विजिट और पंजीकृत पंजीयों पर टेलीफोन द्वारा हुई बातचीत के दौरान हमें सुरेश कुमार अग्रवाल (निधनत) के निधन की सूचना उनके कानूनी वारिस के माध्यम से मिली है। इस संबंध में, दिनांक 23 अप्रैल, 2026 को खातकारों और मृतक सुरेश कुमार अग्रवाल (निधनत) के कानूनी वारिस के पंजीकृत पते पर मृतक खातकार के कानूनी वारिसों के बारे में जानकारी देने के लिए एक नोटिस भेजा गया था।

अतः, यह सूचना मृतक सुरेश कुमार अग्रवाल के कानूनी वारिसों का निधनत और सहायक दस्तावेज बैंक के अधिकारियों को अवगत कराने हेतु इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर संपर्क करने के लिए दी जाती है।

आप आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड सेकेंड कार्यालय जेएलएल सिटीस्पेस, महात्मा गांधी मार्ग जयपुर राजस्थान- 302017 पर जाकर भी गवेंड सेक्शन को उपरोक्त विवरण जमा करा सकते हैं।

दिनांक: 28 अप्रैल, 2026 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान: जयपुर आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए

MANAPPURAM FINANCE LTD.

CIN: L65910KL1992PLC006623 Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

निलामी सूचना

निलेखकर रिजर्वेकर्ताओं और सामान्य रूप से जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16.05.2026 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा, हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है, जिन आइटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी, नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी,

गिरवियों की सूची :

अलवर, डीग, 013749070000433 9, जयपुर, विजयपथ मानसरोवर , 0124180700017853,

उपर बताई गई नीलामी में हिस्सा लेने के इच्छुक व्यक्तियों को नीचे दी गई बातों का पालन करना होगा: इच्छुक बोली लगाने वालों को नीलामी के दिन ही एनईएफटी/आरटीजीएस के जरिए 10,000/- रुपये ईएमडी (जो बोली हारने वालों को वापस कर दिया जाएगा) जमा करना होगा। बोली लगाने वालों के पास वैध आईडी कार्ड/पैन कार्ड होना चाहिए। ज्यादा जानकारी के लिए कृपया 9072607147 पर संपर्क करें।

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फाइनेंस लि. हेतु

Scanned with OKEN Scanner